प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक– 27.10.2024

- **थाना रामराज पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शराब सहित गिरफ्तार–**

  दिनांक 27.10.2024 को थाना रामराज पर नियुक्त उ0नि0 श्री शिवदत्त मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त रविन्द्र उर्फ घोडा पुत्र सोहनवीर निवासी ग्राम अल्लूवाला थाना रामराज, मुजफ्फरनगर को दौराने चैकिंग गंगा किराने बांध ईशाकवाला से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 02 पेटी(90 पव्वे) अवैध शराब मिस रंगली बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रामराज पर मु0अ0सं0 110/2024 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

- **थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा दहेज हत्या में वांछित 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 27.10.2024 को थाना मंसूरपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री देवा सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 299/2024 धारा 85,80(2),103(1),238,62 बीएनएस व 3/4 दहेज अधिनियम में वांछित अभियुक्ता 1. शारदा पुत्र बलवीर व अभियुक्ता 2. विनीत उर्फ जोनी पुत्र शारदा निवासीगण ग्राम पुरबालियान थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर को ग्राम पुरबालियान से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा मोबाईल टावर से बैट्री चोरी करने वाले अर्न्तजनपदीय गिरोह के 03 शातिर चोर अभियुक्तगण(01घायल) गिरफ्तार–**

  दिनांक 27.10.2024 को थाना बुढाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री सन्दीप कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 446/2024 धारा 305,331(4) बीएनएस व 04 अभियोगों का अनावरण करते हुए दौराने पुलिस मुठभेड अभियुक्तगण 1. फुरकान पुत्र यामीन ग्राम अकबरपुर सन्हेटी थाना कैराना जनपद शामली 2. कामिल पुत्र यामीन निवासी ग्राम पठेड़ थाना कैराना, शामली व 3. फुरकान पुत्र फारूक निवासी कैथवाली मस्जिद कस्बा व थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर को घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 03 तमंचे मय 03 खोखा व 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 46 मोबाइल टावर की बैट्री, 04 हजार रूप्ये नगद, 01 ईको कार एचआर 26 सीएल 9123 व 01 बोलेरो पिकअप यूपी 12 एटी 1811 बरामद किए गए। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 447/2024 धारा 109,317(5) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।